# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

निदेशानुसार सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक सत्र–2025–29 के प्रथम छमाही में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी को छात्रहित में अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। रिक्ति के विरूद्ध निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन आमंत्रित किये जाने की प्रक्रिया दिनांक– 26.09.2025 से प्रारंभ होने वाली है। जिन अभ्यर्थियों का किसी कारणवश अबतक नामांकन नहीं हुआ है वे नये सिरे से ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर निम्न कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया में प्रवेश कर सकते हैं:–

- ***दिनांक– 25.09.2025 को*** शेष रिक्ति का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 26.09.2025 एवं 27.09.2025*** को नामांकन के इच्छुक नये अभ्यर्थी का रिक्ति के विरूद्ध निर्धारित शुल्क 700/- रूपये के साथ आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। यह प्रक्रिया ***पहले आओ–पहले पाओ*** के नीति पर पूरी की जायेगी। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल **दिनांक– 26.09.2025** को ***पूर्वाह्ण 11:30 बजे*** से सक्रिय (Active) होगा।
- ***दिनांक– 04.10.2025 को*** चयन सूची एवं चयन–पत्र का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 06.10.2025 से 07.10.2025 तक*** चयनित अभ्यर्थियों का आवंटित महाविद्यालय में अभिलेख सत्यापन एवं नामांकन।

आवेदन करने के क्रम में अभ्यर्थियों को निदेशित किया जाता है कि सभी जानकारी यथा–लिंग, प्राप्तांक, केटेगरी इत्यादि सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि जाँचोपरान्त गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी का आवेदन स्वतः निरस्त कर दी जायेगी। इस चरण में नये आवेदित अभ्यर्थियों को ही अवसर प्रदान किया जायेगा।

**कुलपति महोदय के आदेशानुसार।**

25.09.25

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

25/9/25